कालीन निर्यात संवर्धन परिषद
CARPET EXPORT PROMOTION COUNCIL
(Set up by Ministry of Textiles, Govt of India)

Registered Office: Shree Jee Complex, Shop No T3, Sharma Market, Harola, NOIDA, (U.P.)
Working Office: 2nd Floor, Rajiv Gandhi Handicrafts Bhawan, Baba Kharak Singh Marg, New Delhi – 110001
Tel.: +91-11-23364716, 23364717, **Website:** www.cepc.co.in, **E-Mail :** info@cepc.co.in
Regional Office: Bypass Road, Hariyawan, Bhadohi, Uttar Pradesh - 221401
Regional Office: IICT Campus, Baghi Ali Mardan Khan, Nowshera, Srinagar - 190011 (J & K)
Website of Ministry of Textiles: www.texmin.nic.in

SANJAY KUMAR
Executive Director-cum-Secretary

प्रेस विज्ञप्ति

29 सितंबर, 2020

आज, 29 सितंबर, 2020 को श्री सिद्ध नाथ सिंह, अध्यक्ष, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद ने ओशिनिया मार्केट पर विशेष ध्यान देते हुए, दूसरी वर्चुअल प्रदर्शनी, क्रेता विक्रेता बैठक (BSM) 29 सितंबर से 1 से अक्टूबर, 2020 का उद्घाटन वीडियो कोन्फ़्रेर्सिंग के माध्यम से किया। समारोह मे श्री उमेश कुमार गुप्ता, श्री संदीप कटारिया, श्री गुलाम नबी भट, श्री राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, श्री हुसैन जफर हुसैनी, श्री फिरोज वज़िरी, श्री श्रीराम मौर्य, और श्री बोध राज मल्होत्रा सदस्य प्रशासनिक समिति, श्री संजय कुमार, अधिशासी निदेशक, सीईपीसी, प्रदर्शनी के प्रतिभागीगण और प्रवासी खरीदार भी शामिल हुए ।

श्री सिद्ध नाथ सिंह, अध्यक्ष, सीईपीसी ने अपने सम्बोधन मे सभी समिति सदस्यों, विदेशी खरीदारों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बताया कि परिषद इस बीएसएम को विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) की मार्केटिंग सपोर्ट सर्विस (MSS) योजना के तहत 50 सदस्यों के लिए आयोजित कर रहा है । श्री सिंह को यह बताते हुए खुशी हो रही थी कि परिषद को इस वर्चुअल बीएसएम (BSM) मे राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से जम्मू एवं कश्मीर क्षेत्र से 6 सदस्यों की भागीदारी मिली है।

श्री सिंह ने आगे बताया कि परिषद माननीय प्रधान मंत्री जी के **"आपदा को अवसर में बदलना है"** पर काम कर रही है और इस बीएसएम के आयोजन का मूल विचार, कोविद महामारी युग के बाद विश्वभर मे भारतीय उत्पादों हस्तनिर्मित कालीनों और फर्श कवरिंग की मांग की खाई को पाटना है। ।

श्री सिंह ने उल्लेख किया कि अब वर्चुअल प्रदर्शनी की अवधारणा हमारे सदस्यों के लिए नई बात नहीं है और सभी सदस्य वर्चुअल प्रदर्शनी के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं। हमारी पहली वर्चुअल प्रदर्शनी ने एक शानदार सफलता प्राप्त की, सदस्यों को विदेशी खरीदारों से अच्छी पूछताछ और व्यवसाय प्राप्त हुआ ।

श्री सिद्ध नाथ सिंह ने उल्लेख किया कि परिषद आने वाले दिनों में और अन्य देशों / क्षेत्रों पर आधारित विशिष्ट वर्चुअल प्रदर्शनियों का आयोजन करेगी ।

श्री सिंह ने उल्लेख किया कि सीईपीसी के अधिकारियों की समर्पित टीम और हमारे तकनीकी साझेदार मेसर्स फाल्कन एक्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड, सदस्यों को डिजिटल ब्रोचर तैयार करने, उत्पादों को अपलोड करने, उनके डिजिटल डिस्प्ले में सहायता, ओवरसीज खरीदारों के साथ बैठकों से संबन्धित सभी संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं।

श्री सिंह ने पहली आभासी प्रदर्शनी के प्रतिभागियों से अपने विचारों को साझा करने के लिए अनुरोध किया । सभी ने अध्यक्ष, प्रशासनिक समिति के सदस्यो, एवं कालीन निर्यात संवर्धन परिषद को महत्वपूर्ण समय में यह शानदार अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया।

श्री रवि कपूर, आई. ए. एस. सचिव, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से वर्चुअल बीएसएम के आयोजन में परिषद के प्रयासों की सराहना की और सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए भारतीय हस्तनिर्मित कालीन उद्योग को हर संभव समर्थन प्रदान करने का आश्वासन दिया।

श्री शांतमनु, आई. ए. एस. विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार ने दूसरी वर्चुअल प्रदर्शनी - बीएसएम (BSM) ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और ओशिनिया मार्केट के आयोजन की सराहना करते हुए उल्लेख किया की उपभोक्ता की आवश्यकता के अनुसार कालीन तैयार करने के लिए भारतीय हस्तनिर्मित कालीन उद्योग क्षमता रखता हैं । श्री शांतमनु ने वर्चुअल प्रदर्शनी के लिए विदेशी खरीदारों को भी आमंत्रित किया।

श्री उमेश कुमार गुप्ता, सदस्य प्रशासनिक समिति, सीईपीसी ने परिषद की ओर से औपचारिक धन्यवाद दिया और सभी प्रतिभागियों को व्यवसाय के साथ उनकी सफल भागीदारी के लिए भी शुभकामनाएं दीं।

प्रशासनिक समिति के सभी सदस्य खुश और आशान्वित हैं कि बीएसएम सदस्यों के लिए फायदेमंद होगा और वे अच्छा व्यवसाय प्राप्त करेंगे ।

****